रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक / भंडार / 2022 / 47 जबलपुर, दिनांक 11/04/2022

सीमित निविदा सूचना

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भोजन व्यवस्था कार्य हेतु प्रतिष्ठित फर्मों से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की बेबसाईट www.rdunijbpin.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा के साथ निविदा प्रपत्र के लिये राशि रूपये 1000. (एक हजार) का बैंक ड्राफ्ट एवं अमानत राशि (Earnest Money) रूपये 10,000. रू0 (दस हजार रूपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो कि कुलसचिव, रानी दुर्गावती के पक्ष देय होगा निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। सीलबंद निविदाएॅ दिनांक 19/04/22 को अपरान्ह 5:00 बजे तक सीलबंद लिफाफे पंजीकृत डांक (स्पीड पोस्ट) के द्वारा सहायक कुलसचिव (भण्डार), रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में पहुंचना अनिवार्य है। नियत तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त लिफाफे दिनांक 20/4/22 को ही अपरान्ह 4:00 बजे खोले जावेगें। निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी, भंडार विभाग से प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित हैं।

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

निविदाकर्ता हेतु आवश्यक शर्तें

1. लिफाफे के उपर संबंधित कार्य भोजन व्यवस्था निविदा लिखना आवश्यक है।
2. निविदापत्र के साथ अमानत राशि रू0 10,000.रू0 (दस हजार) एवं निविदा प्रपत्र की राशि 1000. रू (एक हजार) का बैंक ड्राप्ट संलग्न करना आवश्यक है।
3. निविदाकर्ता को संबंधित कार्य भोजन (कैटरिंग) व्यवसाय के अंतर्गत पंजीकृत होना आवश्यक है। पंजीयन की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक हैं।
4. निविदा इस पद्धिति में रखना होगा **लिफाफा–A** में EMD एवं निविदा फर्म की राशि की डी.डी / रशीद रहेगा। **लिफाफा– B** में आवश्यक दस्तावेज। **लिफाफा– C** में फाईनेशियल बिड। ये सभी लिफाफे किसी अन्य बडे लिफाफे में अच्छी तरह सीलबंद चपड़ा सहित पैक करनी होगी।
5. निविदा पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 19/4/2022 को अपरान्ह 5:00 बजे तक प्राप्त किये जावेगें बिलम्ब से प्राप्त निविदाये स्वीकार्य नहीं की जावेगी। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 20/4/22 को ही अपरान्ह 4:00 बजे खोली जाऐगी।
6. निविदाकर्ता किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / विद्यालय आदि में भोजन संबंधित कार्य का अनुभव स्वरूप कार्य आदेश की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
7. भोजन व्यवस्था संबंधी कार्य संबंधित विभाग के निर्देशानुसार समय पर सम्पन्न करना होगा।
8. निविदाकर्ता को GST पंजीयन की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक हैं।
9. न्यूनतम दर मान्य किया जावेगा।
10. निविदाकर्ता को दर स्पष्ट भरना आवश्यक है। अपूर्ण या ओव्हर राइटिंग की हुई निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
11. किसी भी विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति जी द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम वा मान्य होगा।
12. किन्ही विशेष परिस्थिति में निविदा में दी गई शर्तो को शिथिल करने का अधिकार माननीय कुलपति जी को होगा।
13. निविदाकर्ता फर्म का विगत तीन साल का इनकम टेक्स रिटर्न प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
14. विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी निविदा या समस्त निविदाये बिना किसी कारण बताये अमान्य / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित हैं।

क्रमांक 1 से लेकर 14 तक की सभी शर्तें मुझे स्वीकार हैं।

शपथग्रहिता के हस्ताक्षर
शपथग्रहिता का नाम

वित्तीय निविदा

प्रति ,

कुलसचिव,
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर

महोदय,

भोजन व्यवस्था हेतु अमानत राशि 10,000/रू0 (दस हजार रूपये) एवं निविदा फार्म की राशि 1000/–के साथ निविदा विचारार्थ प्रस्तुत हैं।

क्र0	कार्य का विवरण	दर प्रति प्लेट **GST सहित**
1	**भोजन–** सलाद, फ्राई पापड़, दो प्रकार की सब्जी(एक पनीर की सब्जी, एक सीजनेवल सूखी सब्जी), दाल फ्राई, चावल जीरा फ्राई, रायता, दो प्रकार की पुड़ी, मीठा (गुलाब जामून/हलूआ) आईसक्रीम, आम का पना उपरोक्त दरें शुद्व पानी के साथ होगी।	

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
निविदाकर्ता फर्म का नाम